# केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का इतिहास और
# सीबीआई निदेशकों की सूची (1963-2018)

**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) सामान्य ज्ञान:**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) या 'सीबीआई' भारत सरकार की प्रमुख जाँच एजेन्सी है। यह आपराधिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हुए भिन्न-भिन्न प्रकार के मामलों की जाँच करने के लिये लगायी जाती है। सीबीआई कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अधीन कार्य करती है। यद्यपि इसका संगठन फेडरल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन से मिलता-जुलता है किन्तु इसके अधिकार एवं कार्य-क्षेत्र एफ़बीआई की तुलना में बहुत सीमित हैं। इसके अधिकार एवं कार्य दिल्ली विशेष पुलिस संस्थान अधिनियम, 1946 से परिभाषित हैं। भारत के लिये सीबीआई ही इन्टरपोल की आधिकारिक इकाई है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के वर्तमान अंतरिम निदेशक एम. नागेश्वर राव है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के संस्थापक एवं प्रथम निदेशक डी. पी. कोहली थे, जिन्होंने 01 अप्रैल, 1963 से 31 मई, 1968 तक कार्यभार संभाला था।

**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का इतिहास:**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, जिसकी स्थापना वर्ष 1941 में भारत सरकार द्वारा विशेष पुलिस स्थापना (एसपीई) के तहत की गई थी, अपने गठन के उद्देश्य की ओर अग्रसर है। उस समय एसपीई का मुख्य कार्य दूसरे विश्व युद्ध के दौरान भारत के युद्ध तथा आपूर्ति विभाग में लेन-देन में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों की जांच-पड़ताल करना था। एसपीई युद्ध विभाग के देख-रेख में था। यहां तक कि युद्ध के समाप्त होने तक की केन्द्रीय सरकार द्वारा कर्मचारियों से संबंधित रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने के लिए एक केन्द्रीय सरकार की जांच एजेंसी की जरूरत महसूस की गई थी। इसलिए, 1946 में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम को लागू किया गया। यह अधिनियम एसपीई के अधीक्षण को गृह विभाग को हस्तांतरित करता है और इसके कार्यों के परिधि को बढ़ाकर भारत सरकार के सभी विभागों को करता है। एसपीई का कार्यक्षेत्र सभी संघ शासित राज्यों को शामिल करता है और राज्य सरकार की सहमति से राज्य में इसे लागू किया जा सकता है।

**सीबीआई से जुड़ी ताजा खबर:**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में लग रहे रिश्वत लेने के मामले में मचे घमासान के बीच 23 अक्टूबर 2018 एक अहम फैसला हुआ है। सीबीआई प्रमुख आलोक वर्मा और स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना दोनों को छुट्टी पर भेज दिया गया है। वहीं ज्वाइंट डायरेक्टर एम नागेश्वर राव को सीबीआई का अंतरिम निदेशक बनाया गया है। अग्रिम आदेशों तक अब सीबीआई का संचालन एम नागेश्वर राव करेंगे। एम. नागेश्वर राव तेलंगाना के वारंगल जिले के रहने वाले हैं। वह 1986 बैच के ओडिशा कैडर से हैं।

**वर्ष 1963 से अब तक बने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशकों की सूची:**

| **नाम** | **पद ग्रहण** | **पद विमुक्ति** |
|---|---|---|
| डी. पी. कोहली | 01 अप्रैल, 1963 | 31 मई, 1968 |
| एफ. वी. अरूल | 31 मई 1968 | 06 मई 1971 |
| डी. सेन | 6 मई 1971 | 29 मार्च 1977 |
| एस. एन. माथुर | 29 मार्च 1977 | 02 मई 1977 |
| सी. वी. नरसिम्हन | 02 मई 1977 | 25 नवम्बर 1977 |
| जॉन लोब | 25 नवम्बर 1977 | 30 जून 1979 |
| आर. डी. सिंह | 30 जून 1979 | 24 जनवरी 1980 |
| जे. एस. बावा | 24 जनवरी 1980 | 28 फ़रवरी 1985 |
| एम. जी. कातरे | 28 फ़रवरी 1985 | 31 अक्टूबर 1989 |
| ए. पी. मुखर्जी | 31 अक्टूबर 1989 | 11 जनवरी 1990 |
| आर. शेखर | 11 जनवरी 1990 | 14 दिसम्बर 1990 |
| विजय करन | 14 दिसम्बर 1990 | 01 जून 1992 |
| एस. के. दत्ता | 01 जून 1992 | 31 जुलाई 1993 |
| के. विजय रामा राव | 31 जुलाई 1993 | 31 जुलाई 1996 |
| जोगिंदर सिंह | 31 जुलाई 1996 | 30 जून 1997 |
| आर. सी. शर्मा | 30 जून 1997 | 31 जनवरी 1998 |
| डी. आर. कार्तिकेयन | 31 जनवरी 1998 | 31 मार्च 1998 |
| डॉ. टी. एन. मिश्रा | 31 मार्च 1998 | 04 जनवरी 1999 |
| डॉ. आर. के. राघवन | 04 जनवरी 1999 | 30 अप्रैल 2001 |
| पी. सी. शर्मा | 30 अप्रैल 2001 | 06 दिसम्बर 2003 |
| यू. एस. मिश्रा | 06 दिसम्बर 2003 | 06 दिसम्बर 2005 |

| | | |
|---|---|---|
| विजय शंकर | 12 दिसम्बर 2005 | 31 जुलाई 2008 |
| अश्विनी कुमार | 02 अगस्त 2008 | 30 नवम्बर 2010 |
| ए. पी. सिंह | 30 नवम्बर, 2010 | 30 नवम्बर, 2012 |
| अनिल कुमार सिन्हा | 01 दिसम्बर, 2012 | 19 जनवरी 2017 |
| आलोक कुमार वर्मा | 19 जनवरी 2017 | 23 अक्टूबर 2018 |
| एम. नागेश्वर राव<br>(अंतरिम निदेशक) | 23 अक्टूबर 2018 | से अब तक |